दिन– सोमवार दिनांक– 30 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने इक्कीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसिन तेल के वितरण की अनुमति दी।

02 केन्द्र सरकार ने देश में ईंधन भंडार के समाप्त होने की खबरों का खंडन किया। कहा– भारत के पास लगभग साठ दिनों का ईंधन स्टॉक है उपलब्ध।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल एक दिवसीय बिहार दौरे पर नालंदा आ रही हैं। राष्ट्रपति इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

04. और, पटना में आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का खिताब महाराष्ट्र के इंद्रजीत महिंद्रकर को। रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव बने उपविजेता।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने इक्कीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उच्च गुणवत्ता वाले केरोसिन तेल के वितरण की अनुमति दे दी है। इस संबंध में जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय विश्वभर में ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रही भू–राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का खंडन किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि भारत के पास केवल पांच दिन का रणनीतिक तेल भंडार बचा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को गलत बताया है। इकाई ने कहा कि भारत की कुल भंडार क्षमता चौहत्तर दिनों की है और अभी लगभग साठ दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चे तेल का भंडार, उत्पाद भंडार और भूमिगत गुफाओं में रणनीतिक भंडारण शामिल है। पीआईबी ने कहा है कि पूरे देश में लगभग दो महीने की ईंधन की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है।

————————————————————

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एसएम ने घरेलू गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और अधिक दामों पर बिक्री करनेवालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान डॉक्टर त्यागराजन ने पदाधिकारियों को उपभोक्ताओं की हर सुविधा का ध्यान

रखने तथा गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से काम करने का निर्देश दिया।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल एक दिवसीय बिहार दौरे पर नालंदा आ रही हैं। राष्ट्रपति इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफि्टनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रपति दो हजार सीट वाले **विश्वमित्रालय** सभागार का उद्‌घाटन करेंगी।

———साउंड बाईट———

इसके बाद राष्ट्रपति का प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों के अवलोकन का भी कार्यक्रम है।

———————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि सरकार ने पान विकास योजना को अगले वित्तीय वर्ष तक के लिए मंजूरी दे दी है। इस योजना के माध्यम से पान की उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने पर विशेष बल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत बारह जिले— औरंगाबाद, गया, शेखपुरा, वैशाली, नालंदा, नवादा, सारण, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मुंगेर और दरभंगा के पान उत्पादक किसानों को अनुदान मिलेगा। इसके लिए किसान बीस अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————

प्रदेश में धान खरीद की समय सीमा कल समाप्त हो रही है। सहकारिता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल देर शाम तक छत्तीस लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद हो चुकी थी। इस वर्ष छत्तीस लाख पचासी हजार मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य है। इधर, राज्य में गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार पांच सौ पचासी रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस वर्ष गेहूं खरीद का लक्ष्य अठारह हजार टन निर्धारित किया गया है। विभाग ने किसानों की सहायता के लिए हेल्पलाईन नम्बर शून्य छह एक दो—दो दो शून्य शून्य छह नौ तीन भी जारी किया है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना विश्वविद्यालय के प्रशासनिक और कला संकाय के शैक्षणिक भवन का उद्‌घाटन करेंगे। इसका निर्माण एक सौ सैंतालीस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से हुआ है। उद्‌घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार भी मौजूद रहेंगे।

——————————————————————

नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा में यात्री कैफे का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस कैफे में यात्रियों को सस्ते दाम पर अल्पाहार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही केन्द्रीय मंत्री ने यात्रियों को निर्बाध और उच्च गति इंटरनेट प्रदान करने के लिए एयरपोर्ट परिसर में आधुनिक वाई—फाई सुविधा का भी शुभारंभ किया।

——————————————————————

मौसम विभाग ने कल राज्य के अधिकांश स्थानों पर बारिश की सम्भावना जतायी है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। विभाग ने कहा है कि आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अगले दो से तीन दिन के दौरान राज्य के कई भागों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी की सम्भावना है। इसके बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापामन के साथ कैमूर का भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

——————————————————————

राज्य में लू चलने की आशंका को देखते हुए जिला स्तर पर रैपिड रिस्पॉन्स टीम को सक्रिय कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि जिलों में अस्पतालों की क्षमता के अनुसार लू की चपेट में आने वाले मरीजों के लिए कम—से—कम पांच बेड की व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयां, ओआरएस, आइस पैक, ठंडा पानी, पंखा, कूलर और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं। श्री पांडेय ने बताया कि सभी प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में भी ये व्यवस्थाएं सुनिश्चित होंगी। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों को गर्मी को लेकर सूक्ष्म स्तर पर प्लान तैयार करने और स्वास्थ्यकर्मियों का रोस्टर बनाने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस संबंध में प्रारंभिक सलाह के लिए हेल्पलाइन नंबर —एक शून्य चार पर सम्पर्क किया जा सकता है।

——————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम नवाचार को अपने जीवन का हिस्सा बनायेंगे। नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इनोवेट दो हजार छब्बीस हैकथॉन में श्री कुमार ने कहा कि नवाचार, तकनीक और युवा शक्ति के बल पर देश विश्व मंच पर अलग पहचान बना रहा है।

———————————————————————

जीविका ने स्पष्ट किया है कि जीविका बैंक से उन महिलाओं को भी ऋण मिलेगा, जिन्हें मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अनुदान नहीं मिला है। जीविका के अनुसार समूह से जुड़ी सभी महिलाएं योजनाओं का लाभ ले सकती हैं।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के इंद्रजीत महिंद्रकर ने खिताब अपने नाम किया। वहीं, रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव उपविजेता और हरियाणा के पृथ्वी शर्मा द्वितीय उपविजेता बने। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कल प्रतियोगिता के समापन समारोह में खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शतरंज को लोकप्रिय बनाने के लिए इसके स्कूल स्तर पर प्रशिक्षण की योजना बनायी जा रही है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में, मुंबई इंडियंस ने कल रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से पराजित कर दिया। आज, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स आमने—सामने होंगे। यह मैच गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में शाम सात बजकर तीस मिनट पर शुरू होगा।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन को मनरेगा के माध्यम से खेल स्टेडियम निर्माण की अभिनव पहल के लिए सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में श्री दूहन को यह सम्मान गया जिले में पदस्थापन के दौरान की गयी पहल के लिए प्रदान किया गया।

———————————————————————

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र में करबिगहिया ट्रैफिक पोस्ट के पास पुलिस ने एक पिकअप वैन से सोलह लाख रुपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से एक तस्कर की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————

पटना के नौबतपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने सावरचक पैक्स अध्यक्ष रवींद्र कुमार और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पैक्स अध्यक्ष के घर से एक रायफल, दो पिस्तौल, सोलह कारतूस, बीस खोखा और नकद रुपये बरामद हुए हैं।

———————————————————————

पटना के धनरुआ में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार युवक और उसकी आठ वर्षीया भतीजी की मौत हो गई।

———————————————————————

गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के कोशीला गांव में पुलिस ने अफीम की अवैध खेती का भंडाफोड़ कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– मैट्रिक में छोटे शहरों के बच्चों का परचम, बेटियां बनी टॉपर। इक्यासी दशमलव सात नौ प्रतिशत छात्र–छात्राएं उत्तीर्ण।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पुष्पांजलि और सबरीन बनी मैट्रिक में स्टेट टॉपर।

प्रभात खबर ने लिखा है– नीतीश कुमार विधान परिषद और नितिन नवीन विधानसभा से आज दे सकते हैं इस्तीफा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– ट्रम्प घिरे, ईरान जंग के खिलाफ अमेरिका में लाखों लोग सड़क पर, इस्तीफा मांगा।

राष्ट्रीय सागर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को प्रमुखता देते हुये लिखा है– ऊर्जा संकट पर अफवाहों से बचे, एकजुट रहें– मोदी।

आज अखबार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– विधवा बहू को सास–ससुर का खर्च उठाने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केन्द्र सरकार ने इक्कीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत केरोसिन तेल के वितरण की अनुमति दी।

02 केन्द्र सरकार ने देश में ईंधन भंडार के समाप्त होने की खबरों का खंडन किया। कहा– भारत के पास लगभग साठ दिनों का ईंधन स्टॉक है उपलब्ध।

03. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल एक दिवसीय बिहार दौरे पर नालंदा आ रही हैं। राष्ट्रपति इस दौरान नालंदा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

04. और, पटना में आयोजित बिहार ओपन फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का खिताब महाराष्ट्र के इंद्रजीत महिंद्रकर को। रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर क्रियाकोव बने उपविजेता।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।